हापुड़ पुलिस

प्रेस नोट

थाना - कपूरपुर दिनांक 08-10-2024

ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालिका को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया।

संक्षिप्त विवरणः-

आज दिनांक 08.10.2024 को एक व्यक्ति ने थाना कपूरपुर पर आकर सूचना दी कि वह अपनी पत्नी व 03 वर्षीय पुत्री के साथ ग्राम सपनावत स्थित वैष्णो देवी मन्दिर पर दर्शन करने गया था, जहां उसकी पुत्री कहीं गुम हो गयी जिसकी काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला सका। उक्त सूचना पर थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदा बालिका की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना कपूरपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालिका को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
2. उ0नि0 श्री आशीष कुमार थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
3. म0है0का0 415 नीरज थाना कपूरपुर जनपद हापुड।
4. म0का0 512 सीमा रानी थाना कपूरपुर जनपद हापुड।